## खबर संक्षेप

### विधि विधान से विधा महाशक्ति पीठ की हुई घट स्थापना



**मण्डला।** श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी में नवरात्रि के प्रथम दिवस माता रानी की स्थापना विधि विधान से की गई। यहां पर घट स्थापना के साथ पूजन अर्चन करते हुए माता रानी विराजमान कराया गया। यहां पर शिवम् कृष्णाचार्य श्रीधाम वृंदावन ने माता रानी की स्थापना कराते हुए समिति पदाधिकारियों से संकल्प कराया। बता दें कि इस वर्ष श्री सिद्ध सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बड़ी खैरी अपने 54वें स्थापना वर्ष पर भक्तों के लिए भक्ति का अनोखा स्वरूप प्रस्तुत करने जा रही है। यहां पर विद्या महाशक्ति पीठ के तहत मां के दस दिव्य स्वरूपकृमां धूमावती, मां कमला, मां काली, मां बगलामुखी, मां मातंगी, मां तारा, मां त्रिपुर सुंदरी, मां भुवनेश्वरी, मां षोडशी और मां छिन्नमस्ता की स्थापना विधि-विधान से की गई है। बड़ी खैरी में हर साल होने वाला यह दुर्गा उत्सव अपनी अनोखी भक्ति और भव्यता के लिए प्रसिद्ध है। युवा वर्ग बुजुर्ग और मातृशक्ति सभी इस आयोजन में विशेष सहयोग देते हैं।

### नो एंट्री के उल्लंघन पर 2 ट्रक व 3 ट्रेक्टर चालकों पर हुई चालानी कार्यवाही

**मण्डला।** मंडला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना महाराजपुर पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चैकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान नो-एंट्री उल्लंघन करने वाले दो ट्रक क्रमांक सीजी 07सीए8274, एमपी 21एच1155 व तीन ट्रैक्टर ट्राली क्रं. एमपी 51जी0679, एमपी51एए 7324 एवं एमपी 51एए5402 पर धारा 115/194(2) मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही करते कुल 25 हजार रूपए का चालान किया गया। ट्रैक्टर ट्राली चालकों को ट्राली का कामर्शियल रजिस्ट्रेशन कराने, ट्रक व ट्रैक्टर चालकों को वाहन के वैध दस्तावेज साथ रखने, निर्धारित समय पर ही शहर में वाहन संचालन करने तथा ट्रक व ट्रैक्टर में लेबर या अन्य व्यक्तियों को नहीं बैठाने संबंधी सख्त समझाइश दी गई। पूर्व में भी थाना महाराजपुर द्वारा 6 ट्रेक्टर चालकों पर नो एंट्री उल्लंघन पर चालानी कार्यवाही की गई थी।

### 23 सितम्बर को घुघरी में रक्तदान शिविर का आयोजन

**मण्डला।** 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में रक्तदान शिविरों का आयोजन प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुघरी में 23 सितंबर को रक्तदान शिविर लगाया जायेगा।

**एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार गिरा छप्पर, बाल-बाल बचे बच्चे**

# छात्रों की सुरक्षा से बेखबर प्रशासन

*** अधिकारी संलग्नीकरण और स्थानांतरण के आदेशों पर लाभ कमाने में लगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*जिला मुख्यालय की समीपी एक प्राथमिक शाला का छप्पर एक सप्ताह के भीतर दो बार गिरता है वह तो गनीमत कि दोनों घटनाओ के समय कमरे में कोई भी छात्र या शिक्षक मौजूद नहीं थे नहीं तो किसी बड़े हादसे से इन्कार नहीं किया जा सकता। इस घटना के पीछे पूर्णरूप से शिक्षा विभाग के एवं जिला प्रशासन के अधिकारी दोषी हैं। पिछले 11 वर्ष से इस शाला की मरम्मत की मांग की जा रही है लेकिन उस पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया और तो और आंगनबाड़ी भी इसी जर्जर भवन में लगाई जा रही है जिला प्रशासन के अधिकारी जो कि रोजाना पूरे जिले का भ्रमण करते हैं लेकिन समीपी इस शाला की व्यवस्था उनका अनजान होना समझ से परे है। इस पूरे मामले में जनप्रतिनिधिगण भी कम दोषी नहीं जो अधिकारियों के साथ महज मंचीय कार्यक्रम में ही व्यस्त रह रहे हैं।*






जर्जर भवन में किसी भी स्थिति में न लगे शाला-सांसद

स्कूल भवन का गिरा छप्पर

22 एम.ए.एन.-04

विकासखंड मण्डला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खुड़िया (संकुल केंद्र बिनैका) में आज एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लघु शंका अवकाश के दौरान जैसे ही बच्चे कक्षा से बाहर निकले, ठीक उसी समय कक्षा कक्ष के छप्पर से 4 से 5 खपरे अचानक नीचे गिर गए। सौभाग्यवश उस समय कक्षा में कोई भी बच्चा उपस्थित नहीं था, जिससे एक गंभीर दुर्घटना होते-होते टल गई।

गौरतलब है कि इस विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति को लेकर पिछले 11 वर्षों से लगातार मरम्मत की मांग की जा रही है, किंतु विभागीय स्तर पर इस पर कोई अमल नहीं किया गया। इसी लापरवाही का नतीजा है कि अब बार-बार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। बीते कुछ ही दिनों पहले इसी विद्यालय के स्टोर रूम का छप्पर भी गिर चुका है।

इस घटना की तत्काल सूचना संबंधित जनशिक्षक को दी गई है। इन लगातार घटित हो रही घटनाओं ने न केवल विद्यालय भवन की खस्ताहाल स्थिति को उजागर किया है, बल्कि संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

शाला प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला परियोजना समन्वयक (DPC) द्वारा विद्यालय को अन्यत्र संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। किंतु गांव में उपयुक्त स्थान के अभाव के चलते यह संभव नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में इसी भवन में आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित हो रहा है। यदि विभाग वैकल्पिक भवन उपलब्ध कराता है, तो शाला संचालन स्थानांतरित किया जा सकता है।

इस बीच, स्थानीय ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने विद्यालय भवन की शीघ्र मरम्मत और समुचित सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है, ताकि बच्चों की जान को किसी प्रकार का खतरा न हो और भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न दोहराई जाएं।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी प्राथमिकता देता है और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कौन से ठोस कदम उठाता है।

***इनका कहना है -***

*यह घटना आज लगभग दोपहर 12 बजे की है। उस समय बच्चों की लघु शंका की छुट्टी होने के कारण कोई बच्चा हताहत नहीं हुआ। यदि कक्षा संचालित हो रही होती, तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घटना की जानकारी तत्काल शाला प्रबंधन एवं जनशिक्षक को दे दी गई है।*

***रागनी राय, शिक्षिका प्राथमिक शाला खुड़िया***

## टीएल बैठक आयोजित, कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला योजना भवन में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सितंबर माह की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों, आगामी समाधान ऑनलाइन के लिए चयनित विषयों पर चर्चा, जिले में खाद एवं उर्वरक उपलब्धता की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले में सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ को समग्र ई-केवाईसी के तहत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए और कहा कि इसमें अभी भी प्रगति अपेक्षित है इसे गम्भीरता से लें।

जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन विभागवार की जा रही गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर हो। इसके अंतर्गत मुख्यालय में सितंबर से 26 सितंबर तक आजीविका मेला का आयोजन, 25 सितम्बर को एक दिन एक घंटा स्वच्छ भारत मिशन अभियान में स्वच्छता गतिविधियां, 27 सितंबर को नमो मैराथन का आयोजन नेहरू उद्यान से होगा, एक अक्टूबर को खटिया गेट पर स्वच्छ भारत मैराथन दौड़ और दो अक्टूबर को कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों की जानकारी संबंधित बीएमओ और सीएचओ के माध्यम से प्रतिदिन अपडेट कर भेजें और जानकारी को पोर्टल पर निर्धारित समय में एंट्री कराएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग शिविरों तक पहुंचकर लाभ ले सकें।

साथ ही कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में संचालित छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं का अवलोकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर श्री मिश्रा आकिप खान, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## एसबीआई वेलफेयर एसोसिएशन का क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



21 सितंबर को अनिल सहारे उपाध्यक्ष एवं प्रमोद बोरकर उप महासचिव सेवा जबलपुर मॉड्यूल के मार्गदर्शन में भारतीय स्टेट बैंक की एससी एसटी वेलफेयर एसोसिएशन का क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन मंडला की एसएमजे इंटरनेशनल होटल में संपन्न हुआ। इस क्षेत्रीय बैठक में बालाघाट, सिवनी एवं मंडला जिला के बैंकर्स साथी सम्मिलित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एसबीआई क्षेत्र-5 मंडला के क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार एवं सेवा भोपाल सर्किल के अध्यक्ष हरि सिंह दलोदिया एवं सेवा के महासचिव दिनेश खासारिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडला जिले की सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री वंदना तेकाम उपस्थित रही। अपने उद्बोधन में क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा सेवा टीम के कार्यों की प्रशंसा की गई एवं हमेशा सहयोग देने एवं साथ देने बात कही। महासचिव दिनेश ख़ासरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि बैंक के 5 हजार से ज्यादा सेवा के मेंबर बैंक के हित में निरंतर जिम्मेदारी से अपनी सेवाएं दे रहे है। इसी क्रम में सेवा के अध्यक्ष श्री दलोदिया ने मैनेजमेंट को आश्वस्त किया हमारे सभी सेवा मेंबर आपके मार्गदर्शन में काम करेंगे। विशिष्ट अतिथि सुश्री वंदना टेकाम भारतीय स्टेट बैंक की प्रशंसा की और कहा कि एसबीआई हमेशा पिछड़े एवं ट्राइबल क्षेत्र के लोगों के लिए काम करता है। कार्यक्रम में समाजसेवी रामकली केराम को अच्छे कार्यों के लिए 10 हजार का चेक, शॉल और बुद्ध भगवान की प्रतिमा देकर सम्मानित किया अंत में सेवा के क्षेत्रीय सचिव राकेश तेकाम द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

## मंडला-जबलपुर के विशेषज्ञों ने एक ही स्थान पर दी स्वास्थ्य सेवाएं

*** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत लगा विशाल शिविर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज




महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंडला जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार सेवा पखवाड़ा के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य और पोषण संबंधी समस्याओं की पहचान कर उनका समय पर उपचार करना था। यह अभियान 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा।स्वास्थ्य शिविर में शिविर प्रभारी एपीडेमियोलॉजिस्ट राजेन्द्र वर्मा, सीबीएमओ डॉ अमृत लाल कोल समेत सीएचसी नारायणगंज स्टाफ मौजूद रहा।

आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मंडला जबलपुर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आने वाले मरीजों का जांच परीक्षण किया। इसके साथ ही उन्हें उचित सलाह भी दी गई। टीबी जांच, एक्स-रे समेत अन्य जांचे भी की गई। इस शिविर में मंडला और जबलपुर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें मंडला से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश ठाकुर, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रमा पटेल, फीजियोथैरेपिस्ट दीपशिखा, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश खरे, तथा जबलपुर से कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. हर्ष, आर्थोपेडिक्स डॉ. सप्रास और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तिशा शामिल थे। इनके साथ ही नारायणगंज सीएचसी स्टाफ ने भी सहयोग किया।

**सफलता** | **आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत से आखिर मिल ही गई सफलता।**

# बिसौरा निवासी शुश्री मोना मिश्रा बनीं डीएसपी

*** गृह ग्राम पहुंचने पर हुआ शानदार स्वागत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास




कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निवास से अध्ययन करने वाली बिसौरा निवासी मोना मिश्रा के कदम उच्च शिक्षा की ओर बढ़ते रहे और अब इनका चयन डीएसपी जैसे महत्वपूर्ण पद पर चयनित होने पश्चात ये न सिर्फ शिक्षकों लिये गर्व की बात है बल्कि उक्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिये भी प्रेरणादायक मिशाल है।

विद्यालय स्टाफ़ द्वारा मोना मिश्रा का भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, मंच से मोना मिश्रा ने अपनी शैक्षणिक गतिविधियों व आज के प्रतिस्पर्धा वाले कठिन दौर में छात्र व खासकर छात्राएं कैसे अपना कैरियर बना सकतीं हैं, व एकाग्र अध्ययन के बल पर कोई भी छात्र अपने लक्ष्य को हाशिल कर सकता है।

ज्ञात हो कि मोना मिश्रा निवास से 5 किलोमीटर की दूरी पर बसा ग्राम बिसौरा के अनिल मिश्रा जो अब सेवा निवृत्त शिक्षक और माता जनपद सदस्य मंजुलता मिश्रा की बेटी हैं, सामान्य परिवार की बेटी मोना ने छात्राओं से बताया की मुझे इस पद पर पांचवें प्रयास से सफलता मिली है, इसके पूर्व में मिली असफलताओं में मेरे माता पिता निराश तो होते थे पर मेरा हौसला हमेशा बढ़ाते रहते थे और में भी माता पिता की उम्मीद और अपने सपनों की मंजिल पाने अथक पढ़ाई में लगी रही, और इस मेहनत व लगन का प्रतिफल मुझे मिला।

उक्त सम्मान समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी सुनील दुबे,विद्यालय के प्राचार्य प्रेम किशोर तिवारी, वरिष्ठ शिक्षक मुकेश जैन, अनुराग जैन (टीनू) कुमारी मोनिका साहू, सोमवती वरकड़े, श्री राम कुशराम, श्रीमती अर्चना परस्ते, शंकर प्रसाद विश्वकर्मा, शैलेंद्र झारिया, बरखा मिश्रा, बीना ठाकुर, अखिलेश झारिया, सत्यम चौकसे, मयंक विश्वकर्मा, निरुपमा विश्वकर्मा, दिशा मिश्रा व अन्य शाला स्टाफ उपस्थित रहा।

## नारायणगंज विकासखंड में हुआ आनंद उत्सव

*** अल्पविराम परिचय कार्यशाला हुई संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



विकासखंड स्तरीय शासकीय अधिकारी कर्मचारीयों में आनंद की अनुभूति कराने तथा दैनिक जीवन के कार्यों में सकारात्मक भाव बढ़ाने की दृष्टि से एक दिवसीय अल्प परिचय कार्यशाला का आयोजन 22 सितम्बर को विकासखंड सभागार में किया गया। जनपद पंचायत नारायणगंज के उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा जी की अध्यक्षता जन अभियान परिषद् द्वारा आनंद विभाग का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

माँ सरस्वती के तेलीय चित्र का पूजन अर्चन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया मेंटर सुरेश सोनी के द्वारा मां सरस्वती की वंदना की गई । मंच का संचालन मेंटर राकेश अग्रवाल के द्वारा किया गया ।

सत्र का शुभारंभ आनंद विभाग भोपाल से मास्टर ट्रेनर अर्चना शर्मा, श्रीघा पाठक, संजुलता सिंगोर द्वारा आनंद विषय पर समूह चर्चा , आनंद को परिभाषित करने प्रश्नोत्तरी, वार्तालाप पर चर्चा आदि सत्र के दौरान गतिविधि कराई गई।

जिससे प्रतिभागियों ने सीखा कि आनंद कैसे व्यवहार ओर रिश्तों में स्थायितोंव लाता है और जीवन आनंद मय हो सकता है । जन अभियान परिषद् के विकासखंड समन्वयक अनिल मेहरा के द्वारा आज के इस कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताया।

इस कार्यशाला में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा प्रेरणा गीत गाकर बताया गया कि हम जीवन में किसी भी बड़े या छोटे कार्य को आनंद उत्साह के साथ बगैर तनाव व अच्छा वातावरण निर्माण कर सकते है। अंत में वीरेंद्र अग्रवाल परामर्शदाता के द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया ।

इस कार्यशाला में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, जन अभियान परिषद् के प्रस्फुट समिति के सदस्य नवांकुर संस्था की प्रमुख इंद्र उईके CMCLDP के परामर्शदाता छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पानी टंकी क्षेत्र में कुत्तों के अंतक से राहगीर हो रहे परेशान, श्वान स्नेह आमजन पर पड़ रहा है भारी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इन दिनों देखा जा रहा है कि शहर में अधिकतर आवारा कुत्तें खुजली बीमारी की चपेट में जान पड़ रहे है। इससे गली चौराहों से आने जाने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ रही है। वही दूसरी ओर इन बीमार कुत्तों से अन्य कुत्तें तो चपेट में आ ही रहे है बल्कि इंसानों में भी यह बीमारी फैलने की आशंका बनते हुये दिखाई दे रही है? यूं फैलती है बीमारी- आवार कुत्तों को अमूमन खुजली की बीमारी फंगस, फफूंद तथा पैरासाइट की वजह से होती है। पालतू कुत्तों की समय समय पर सफाई होने से इनमें बीमारी कम पाई जाती है। लेकिन आवारा कुत्तों में सफाई के अभाव में बीमारी ज्यादा होती है जो बातावरण में फैलाता प्रदूषण भी मुख्य कारण है। प्रदूषित पानी पीने या प्रदूषित धूल कण में लेटने से भी खुजली की बीमारी की समस्या पैदा हो रही है। इंसानों को भी खतरा-पशु चिकित्साकों के अनुसार खुजली से पीड़ित कुत्तें बीमारी से परेशान होकर इधर उधर तेजी से घूमतें है, जिससे पास से निकलने वाले लोगों को भी इनके कीटाणु फैलतें है। बच्चों को अधिक सावधानी रखनी चाहिए। क्योंकि बच्चों में नासमझी की वजह से बच्चों के इनके सम्पर्क में आने या छू लेने से उन्हे भी बीमारी लगने की संभावना रहती है। वही दूसरी ओर बीते हुये कुछ महिनों से देखा जा रहा है शाम होते ही नगर की पानी टंकी क्षेत्र में जिस प्रकार से कुत्तो का आतंक इस तरह होता है कि दो पहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ने से नही चूकते है। इस तरह जब कोई बाइक चालक अपनी गति से जा रहा होता है और यहां पर घुमने वाले आवारा कुत्तों का झुंड अचानक भौगते हुये बाहन के पीछे हमला करने की मुद्रा में दौड़ता है तो मोटर साईकिल चालक अपना नियंत्रण खोने से नही चूकता है। इस स्थिति में जहां दुर्घटनाओं की संभावना पैदा होने से नही चूक पा रही है..? प्रतिदिन देखा जाता है कि कुछ लोगों द्वारा आटों के माध्यम से कुत्तों को भोजन कराने के लिये पहुंचते है। इस तरह कुत्तों को भोजन किराना बुरी बात नही है। मगर इस तरह कुत्ता को रहवासी व मुख्य मार्ग किनारे खिलाये जाने के कारण कुत्तों का झुंड पानी टंकी क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर ही अपना डेरा जमाये रहता है। इस स्थिति में वह इस मार्ग से निकलने वाले वाहन चालकों के ऊपर हमला बोलने की स्थिति में जब पीछे दौड़ते है तो वाहन चालक दुर्घटना के शिकार होने से नही बच पा रहे है। शासन प्रशासन से आम लोगों द्वारा मांग की जा रही है कि कुत्तों का भोजन देने के लिये आने वाली इस समिति को किसी अन्य इस तरह की जगह पर भोजन देने के लिये निर्देशित किया जावे जिससे कुत्तों को भोजन भी मिल जावे और यह कुत्ता आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा न कर पाये..?

### शासकीय चिकित्सालय की बाउंड्री के पास शराबियों की जमघट से हो रही परेशानी?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। आये दिन स्थानीय पुलिस थाने में आयोजित होने वाली बैठकों में पुलिस अधिकारियों द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिए बड़ी बड़ी बाते तो की जाती है..? मगर यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो सिर्फ वह बाते उसी बैठक तक ही सीमित रहने से नही चूकती है। इस बात की सच्चाई वर्तमान में नगर में दिखाई दे रही है, लोगों का कहना है कि स्थानीय खेल ग्राउंड व स्थानीय शासकीय चिकित्सालय के पास बनी नई बाउन्ड्री बाल के पास प्रतिदिन शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है,जिसके कारण इन स्थानों से निकलने वाले लोगों को जहा परिशानियों का सामना करना पड़ता है। वही यदि इस मार्ग से कोई भूल बस महिलाओं का निकलना होता है तो इन शराबियों की छीटाकशी के चलते उसे अपमानित तक होना पड़ता है? वही शासकीय चिकित्सालय की बाउन्ड्री के पास लग रहे शराबियों के जामवड़ा से तो वहा निवास करने वाले लोगों को परेशानी उठाना ही पड़ रही है, तथा दूसरी ओर पास में बने बंजारी माता पर दर्शन करने जाने वाली माँ बहिनों को भी इनको मनचलों की छीटाकशी का शिकार होकर अपमान का कड़वा घूट पीना पडं रहा है? जब भी बैठक का आयोजन होता है तो पुलिस अधिकारियों द्वारा शराबियों की मनमानी से निजात दिलाने के दाबे किये जाते है। मगर पुलिस बैठक के बाद उदासीन होकर मात्र तामशा देखते हुए नजर आती है? वर्तमान में इन शराबियों की हुड दग्ग लीला से शासकीय चिकित्सालय के पास निवास करने वाले लोगो परेशान हो रहे है मगर पुलिस को सूचना करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही होने के कारण शराबियों की हौसले अपने सातवे आसमान पर दिखाई दे रहे है। अतः नगरवासियों द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक से इस ओर ध्यान देने की अपेक्षा जताई जा रही है।

## शासन की बहुपयोगी संपत्ति होने के बावजूद भी प्रशासन द्वारा नहीं दिया जा रहा ध्यान

# जर्जर हो रहे पुराने कॉलेज भवन में चुभने लगी वीरानगी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।








जहां एक ओर देखा जा रहा है कि शासन द्वारा पैसा खर्च करते हुए नगर में जहां तहां अनेक भवनों का निर्माण कराते हुए लोगों को उन भवनों को नगरवासियों की जरूरत बताया जा रहा है। वही दूसरी ओर मंगल भवनों के साथ साथ सामूहिक भवनों का भी निर्माण होते हुये भी देखा जा रहा है। मगर हैरत की बात यह है कि शासन की धन राशि से बने हुए पुराने भवनों की स्थिति इस प्रकार से होती जा रही है जहां पर प्रतिदिन जहां शराबियों की महफिले तो जमती ही है तो दूसरी ओर उन्ही भवन में लोगों द्वारा तोड़ फोड़ करते हुए हुए उसकी सामग्री भी गायब किये जाने में भी कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इस प्रकार से दुर्दशा का शिकार हो रहे नगर के शासकीय भवनों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक शासकीय भवन इस प्रकार पड़े हुए है जो उपयोगी होने के बाद भी प्रशासन तथा जिम्मेदार संस्थाओं की अनदेखी के चलते वह खंडहर होते हुये दिखाई दे रहे है। वही उनमें लगी हुई कीमती सामग्री गायब होने से नही बच पा रही है। जिसका जीता जागता हुआ उदाहरण नगर के पुराने कालेज भवन को देखकर स्पष्ट होने से नही चूक रहा है..? बताया जाता है कि इस शासकीय भवन को लेकर अतीत इस बात का साक्षी है कि कभी ऐसा भी दौरा था कि शहर में उच्चशिक्षा के लिए कालेज नहीं था। तब नगर के समाज सेवियो के अथक प्रयासों से वर्ष वर्ष 1972-73 में नगर पालिका एवं उस समय रहे यानि की तत्कालीन मुख्य मंत्री प्रकाश चंद सेठी द्वारा विज्ञान के नाम से भवन प्रदान करते हुए महाविद्यालय प्रारंभ किया गया था, जिसमें शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र, छात्राएं आज प्रदेश व देश में ही नही बल्कि देश विदेश में इस शहर का नाम रोशन कर रहे है। गौरतलब है कि वर्षो तक प्रायवेट रूप से संचालित होने वाला यह भवन बाद में शासन के अधीन हो गया था और इस भवन में महाविद्यालय के रूप में कई वर्षो तक छात्र छात्राओं ने शिक्षा ग्रहण की गई थी। मगर बाद में शहर के वायपास मार्ग यानि की गाडरवारा से कौड़िया की ओर जाने वाले मार्ग पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का विशाल भवन निर्मित होने के बाद महाविद्यालय का कार्य उसे भवन में संचालित होने लगा जिसके कारण इस पुराने कालेज भवन के सितारे गार्दिश में आ गए और इसका उपयोग न होने की स्थिति में यह भवन लगातार जर्जर होने लगा है, जिसकी चिंता करते हुए इस भवन में कुछ हद तक सुधार कराते हुए यहां पर एक चौकीदार को जरूर रखवा दिया गया था। इस तरह कुछ दिनों तक इस भवन की देख रेख जरूर की गई थी। मगर यह भवन फिर बदहाली का शिकार होते हुये दिखाई देने लगा है। यदि आज की स्थिति में इस भवन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर के मध्य बने इस इस भवन को पुराने कालेज के नाम से पहचाने जाने वाले इस शासकीय भवन की कीमत करोड़ो रूपया में होगी...? मगर शासन द्वारा इस पुराने कालेज भवन को लगातार उपेक्षित किये जाने का परिणाम यह देखा जा रहा कि यहां पर रोज रात को जहां यहां पर सुराप्रेमी युवाओं ने इसके बेनूर कमरों में शराब खोरी शुरू कर दी। वही इस भवन की सुरक्षा के लिये बनाया गया तार का सुरक्षा घेरा तोड़ डालने के साथ साथ इस भवन में लगे हुए किबाड़ व खिडकी भी लगातार गायब होते हुए दिखाई दे रहे है? इस तरह वर्षो से खाली पड़े हुये पुराने कालेज भवन का उपयोग करते हुये यदि शासकीय भवन में छात्राओं के कालेज की शुरूआत हो जावे तो निश्चित ही जहां भवन की रौनक वापिस लोट आवेगी। वही दूसरी ओर नगर व गांवों से महाविद्यालय आने वाली छात्राओं को सुरक्षा प्रदान भी हो सकती है..? इस तरह लगातार खंडहर की स्थिति में पहुंच रहे इस भवन को भी बचाया जा सकता है मगर धन्य है यहां प्रशासनिक अधिकारियों की लीला जो करोड़ो की लागत वाले इस पुराने कालेज भवन की ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते इस पुराने कालेज भवन की दुर्दशा होने के कारण वह खड़हर तब्दील होता चला जा रहा है? यदि इस भवन की बदहाली पर गौर किया जावे तो इस शासकीय भवन के कमरों में रख रखाव की उचित व्यवस्था न होने से उनके दरबाजे टूट रहे है तथा पूर्णरूप से एक सन्नाटे के दामन में लिपटा हुआ नजर आने से नही चूक पा रहा है।

## शारदेय नवरात्र पर्व शुरू होने से शहर हुआ धर्ममय, घरों में भक्तों ने शुरू की माँ जगत जननी की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।









अश्विन मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा गत सोमवार को शारदेय नवरात्र पर्व की शुरूआत होने से शहर व ग्रामीण क्षेत्र धर्ममय हो उठे है, जिसके चलते देखा जा रहा है कि सुबह से ही देवी मंदिरों में मातारानी को जल ढारने जाने वाली माताओं, बहिनों पुरूषों के साथ साथ युवाओं की जहां मंदिरों पर भीड़ उमड़ते हुए देखी जा रही है। वही दूसरी ओर हिन्दू धर्मावलंबी अनेक युवाओं ने नशे का परि त्याग कर और नवरात्र पर्व पर जूता, चप्पल न पहनने का संकल्प लेकर मातारानी की आराधना में अपनी धार्मिक आस्था का परिचय देते हुये देखे जा रहे है। वही देखा गया कि कल देवी स्थापना के दिवस पर नगर में दोपहर के वक्त जिन जगहों पर मूर्ति स्थापना के लिये निर्धारित करते हुये सुन्दर पंडाल तैयार किये गये है उन समितियों के लोगों द्वारा मूर्तिकारों के ठिकानों से शहर और गांवों की दुर्गोत्सव समितियों द्वारा माँ जगदम्बे की प्रतिमाएं ले जाने का सिलसिला चलने से मातारानी का जयघोष समूचे शहर में गूंजता रहा।

इस प्रकार से नवरात्र पर्व की शुभारंभ बेला में लोगों ने अपने घरों में व्रत रखते हुए श्रद्वा पूर्वक माँ भगवती के शैलपुत्री रूप की पूजा, अर्चना करते हुए आरती कर मातारानी का आशीष प्राप्त किया। वही दूसरी ओर इस वर्ष लगातार 10 दिनों तक चलने वाले माता रानी के इस महान पर्व को लेकर लोगों ने कन्या भोज के चलते प्रथम दिवस देवी स्वरूपा कन्याओं के पैर धुलाते हुये उन्हें कन्या भोज कराया गया। इस प्रकार से नगर में शाम ढ़ालने के उपरांत घट स्थापना की साथ नगर के अनेक स्थानों पर मातारानी के घट स्थापित करने के बाद मातारानी की गंगाजल, सुपारी, रोरी, चंदन, पुष्प अर्पित कर पूजन करने के बाद मातारानी की जयकार की गई। विद्ववान पंडितों के अनुसार इस साल माँ दुर्गा हाथी पर सबार होकर आने के चलते सुख समृद्वि वाला बताया जा रहा है।वैसे देखा जावे तो माँ अम्बेरानी नवरात्रि के समय देवी दुर्गा अलग-अलग वाहनों पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देती हैं। हर वाहन के साथ विशेष शुभ-अशुभ फल जुड़े होते हैं। मगर हाथी वाहन का महत्व अलग ही होता है। समृद्धि और वैभव का प्रतीक – हाथी माता लक्ष्मी का भी वाहन माना गया है। यह धन, धान्य और ऐश्वर्य प्रदान करता है। शांति और स्थिरता – हाथी माता का वाहन बनकर इस बात का संकेत देता है कि समाज और परिवार में शांति, सौहार्द और स्थिरता बनी रहेगी। सुख-समृद्धि का आशीर्वाद – हाथी पर आगमन का अर्थ है कि वर्षभर अन्न, धन और जल की कोई कमी नहीं होगी। शुभ और मंगलकारी फल – हाथी को बहुत ही शुभ माना गया है। माता का हाथी पर आगमन भक्तों के लिए सुखद भविष्य और अच्छे परिणाम लेकर आता है। इसलिये नवरात्र पर्व को विशेष ही माना जा रहा है। वही बताया जाता है कि नगर के कुछ देवी मंदिरों में जवारे, ज्योति कलश स्थापित किये गये है। वही नवरात्र की व्यवस्थाएं बनाने के लिए नपा एवं पुलिस प्रशासन श्रद्वालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार कार्य कर रहा है जिसके श्रद्वालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियां का सामना न करना पड़े।

## चिकित्सा प्रकोष्ठ विधान सभा संयोजक जैन के नेतृत्व में मरीजों की सेवा करते हुये मनाया सेवा पखवाड़ा





हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। इस समय भाजपा द्वारा संपूर्ण देश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखबाड़ा मनाते हुये जहां स्वास्च्छता अभियान चलाया जा रहा है। वही दूसरी शासकीय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों की सेवा की जा रही है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस भारतीय जना पार्टी जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय कुमार सोनी के मार्ग दर्शन में विधान सभा गाडरवारा चिकित्सालय प्रकोष्ठ के संयोजक वरिष्ठ चिकित्सक डा. आर सी जैन द्वारा सेवा पखबाडे का आयोजन नगर के शासकीय चिकित्सालय में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राजसभा सांसद कैलाश सोनी मौजूद रहे। वही अन्य अतिथियों के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, भाजपा जिला प्रकोष्ठ के संयोजक अजय कुमार सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिनेन्द्र डागा, भाजपा जिला महामंत्री हर गोविंद सिंह पटैल, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहरकांत पटैल, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक भार्गव, पूर्व पार्षद संजय राजौरिया, वार्ड पार्षद व नपा सभापति सुरेन्द्र गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश श्रीवास्तव सहित अन्य भाजपा महिला कार्यक्रर्ताओं के आलवा चिकित्सालय प्रभारी डा. वस्त्रकार, डा पंकज थारवानी, डा. आशुतोष मेहता मौजूद थें। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धनवंतरी सहित माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। वही चिकित्सालय प्रकोष्ठ संयोजक डा आर सी जैन द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प माला के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये नगर के वरिष्ठ चिकित्सक व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के विधान सभा संयोजक डा. आर सी जैन ने कहा कि केन्द्र से लेकर प्रदेश व नगर में शासन करने वाली भाजपा पार्टी का भाव सदा ही सेवा भावी रहा है। वैसे भी देखा जावे तो हम चिकित्सको की जिन्दगी सदा सेवा के लिये बनी हुई है। आज हमारी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ जिस तरह हमको सेवा पखबाडे के नगर के शासकीय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों की सेवा करने का सौभाग्य मिला है उससे हम कामना करते है कि जो मरीज चिकित्सालय में भर्ती है वह शीघ्र स्वास्थ्य होवे अपने घरों को जाये। वही कार्यक्रम को जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक अजय कुमार सोनी के आलवा अन्य अतिथियों द्वारा भी संबोधित करते हुये कहा कि आज गाडरवारा में मरीजों की सेवा के लिये जिस तरह से डा. आर सी जैन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया है और उसमें हम लोगों को शामिल होने का अवसर प्रदान किया गया है, जिससे हम मरीजों की सेवा कर रहे है। इस दौरान सभी लोगों ने शासकीय चिकित्सालय में उपचार के लिये भर्ती मरीजों को फल वितरण करते हुये उनके स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली गई। वही कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों के प्रति भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के विधान सभा संयोजक व नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा. आर सी जैन द्वारा अपना अमूल्य समय देने के लिये आभार व्यक्त किया गया।



## साईंखेडा व चीचली ब्लॉक केन्द्र पर आयोजित हुई उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। क्षेत्र के चीचली एवं साईंखेड़ा ब्लॉक के केन्द्रो पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत असाक्षरों की मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। बताया जाता है कि विकास खंड चीचली के अंतर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में परीक्षा केंद्रों की कुल संख्या 175 थी जिसमें कुल लक्ष्य दर्ज संख्या 10,000 में से कुल नामांकन उपस्थिति 7812 रही। वही विकास खंड चीचली के अंतर्गत आठ जन शिक्षा केंद्र के जन शिक्षा केंद्र प्रभारी, जन शिक्षक,जन शिक्षा केंद्र सह समन्वयक, विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती नीलम मरावी, विकास खंड स्रोत समन्वयक डी के पटेल, विकास खंड उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सह समन्वयक लेखराम गौतम सहित समस्त अधिकारियों के दिशा निर्देश एवं सफल प्रयासों से उक्त परीक्षा संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में सभी अधिकारियों ने अपने कर्तव्य को निभाते हुए अपने-अपने जन शिक्षा केंद्र की मॉनिटरिंग करते हुए सहयोग प्रदान किया। अक्षर साथियों और नोडल अधिकारियों ने असाक्षरों को सुविधा प्रदान करते हुए सामाजिक चेतना केंद्र तक पहुंचाना और उन्हें परीक्षा में उपस्थित कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई। मॉनिटरिंग के दौरान देखा गया की असाक्षरों ने बड़े उत्साहित होकर परीक्षा में सम्मिलित हो कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसी प्रकार साईंखेड़ा ब्लॉक के परीक्षा केन्द्रो में भी बीईओ सीमा डोंगरे, बीआरसी संदीप स्थापक, बीएसी मनीराम मेहरा, पवन राजोरिया सहित केंद्र प्रभारियों एवं अक्षर साथियों के सहयोग से परीक्षा कार्य पूर्ण हुआ।

### फाईनेंस कंपनी के कर्मचारी से मारपीट

सांईखेड़ा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अुनसार बीते हुये दिवस ग्राम सेठान तथा चोला मण्डलम फायनेंस कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि जब वह अपने दोस्त पवन के साथ जा रहा था उसी दौरान गांव के दलू व गोपाल ठाकुर मिले और गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## नगर के आदर्श स्कूल में अध्ययनरत छात्रों ने किया डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण






हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। स्थानीय शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्यवसायिक ट्रेड के छात्रों ने प्रिंसिपल एस.के. मिश्रा के मार्ग दर्शन में पोस्ट ऑफिस मे औद्योगिक भ्रमण किया । इस अवसर पर पोस्ट आफिस में कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि कैसे वहां डाक का संकलन होता है एवं वितरण के लिए अलग अलग जगह भेजी जाती है। इसके अलावा उन्हें पोस्ट कार्ड, डाक टिकिट, लिफाफे एवं मनी ऑर्डर सहित खाते खोलने से जुडी जानकारियों से भी अवगत करायाग या। बताया जाता है कि भ्रमण में प्रशिक्षक आकाश कुमार भिलावे, अखिल कुमार सोनी, शिक्षिका श्रीमती अर्चना नामदेव, प्रगति चौरसिया सहित छात्र सम्मिलित हुए।

## शांति समिति की बैठक में एसडीएम द्वारा दिये गये आदेश के चलते विद्युत लाईनों को ऊंचा करने में जुटा बिजली विभाग का अमला

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर में मकड़ी के जाल की भांति फैली हुई बिजली लाईनों में आये दिन फाल्ट बनने के चलते आम लोगों को बिजली कटौती जैसी समस्या से जूझना आम बात हो चुकी है। मगर नगर के अंदर झूला झूल रही इन बिजली लाईने धार्मिक आयोजनों के दौरान परेशानी सहित बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पाती है। हर साल देखा जाता है कि गणेश उत्सव हो या फिर नवरात्र के बाद जब प्रतिमाओं का विसर्जन होते है तो नगर में इस तरह झूलती हुई बिजली लाईनों में प्रतिमाये फंस जाने के चलते समिति के सदस्याओं को लकड़ी के माध्यम से ऊंचा करते हुये देखा जाता है। इस तरह लकड़ी से ऊंचा किये जाने के दौरान अनेको बार बिजली लाईनों से चिंगारी निकलते हुये देखा जाता है जिससे बड़ी घटना घटित होने की संभावना बनने से नही चूक पाती है। इस तरह बदहाल स्थिति में आ चुकी नगर की इन बिजली लाईनों को लेकर बीते हुये दिवस अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे सहित उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक रजक द्वारा दुर्गा उत्सव को लेकर आयोजित की गई तहसील सभागर में शांति समिति की बैठक में मुख्य मुद्दा इन बिजली लाईनों का बना हुआ था। इस बात को लेकर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त आदेश दिया गया था कि नवरात्र उत्सव शुरू होने के पहले नगर की सभी बिजली लाईने जो झूला की तरह झुलते हुये नजर आ रही है वह ऊंची हो जाना चाहिये। वही नवरात्र उत्सव के दौरान मुख्य रूप से रात के समय बिजली गुल नही होना चाहिये। इस तरह एसडीएम के सख्त रूख का परिणाम देखने मिल रहा है और बिजली विभाग का संपूर्ण अमला नगर में बिजली लाईनों को ऊंचा करने के साथ साथ उनके सुधार कार्य में जुटा हुआ नजर आने से नही चूक रहा है। अब देखना यह है कि आज से शुरू हो रहे नवरात्र के दौरान बिजली विभाग के अधिकारी अघोषित रूप से होने वाली विद्युत कटौती पर अंकुश लगाने में कितने सफल हो पाते है यह सच्चाई तो आने वाले दिनों में ही देखने मिल पायेगी..?

## इमलिया एवं कल्याणपुर में निकली गई नशा मुक्ति रैली से किया लोगों को जागरूक



हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।

निश्चित ही किसी भी चीज का नशा जब किसी को लग जाता है तो वह उसका आदि होकर रह जाता है। वह अपनी लत पूरी करने के लिये कुछ भी करने के लिये तैयार रहता है। मुख्य रूप से मादक पदार्थो की लत में फंसने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ अपने परिवार को तक बर्बादी की कगार पर पहुंचा देता है। इसी के चलते लगातार नशामुक्ति आयोजना के साथ साथ जागरूकता रैलियों का आयोजन होते हुये देखा जाता है। इसी के चलते बीते हुये क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम इमलिया एवं कल्याणपुर में नशा के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए ख्याति लब्ध शिक्षक हल्केवीर पटैल के नेतृत्व में शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति रैली निकालते हुये ग्रामीणों को जागरूक किया। वही ग्राम कल्याणपुर में शा.उच्च.मा.विधालय के छात्र छात्राओं शिक्षकों एवं पालकों के सहयोग से रैली एवं नुक्कड़ सभा हाट बाजार में आयोजित हुई जिसमें ग्रामीणो ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया।

शिक्षक पटैल ने नुक्कड़ सभा में कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में नशे का चलन बढ़ रहा है। तम्बाकू, गुटखा, बीड़ी सिगरेट, गांजा ड्रग्स आदि के सेवन से कई परिवार उजड़ गए है एवं पीढ़ियां खत्म हो रही है। शाला प्रभारी शिवदास चढ़ार ने कहा कि नशा एवं व्यसन समाज के लिए घातक है। रैली नुक्कड़ सभा में सहयोग रुचि वर्मा, जीवनकाल इक्का, शैलजा ताम्रकार, जितेंद्र प्रजापति, मनीष नेमा, सुरभि नीखरा ने किया । ज्ञात हो कि इस तरह ग्रामीणों के बीच जागरूकता नाने व रैली के लिए आये हल्केवीर पटेल का स्वागत ढोल, नगाड़ों पुष्प गुच्छ के साथ शाला परिवार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में किया गया एवं उनके द्वारा जनचेतना एवं सामाजिक जागृति के कार्यों की सराहना की गई।

# अमरपुर में शांति समिति की बैठक: नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को लेकर दिये दिशा निर्देश

**अमरपुर।** नवरात्रि एवं दशहरा पर्व धार्मिक आयोजन के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एस.डी.ओ.पी. बजाग, थाना प्रभारी समनापुर एच. एस. तिवारी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी अमरपुर अतुल हरदहा द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शासन द्वारा निर्धारित नियम एवं निर्देशों को बताते हुए पालन करने की अपील की गई।



साथ ही नवरात्रि दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति बैठक में उपस्थित सदस्यों से चर्चा करते हुए सभी से सद्भाव पूर्ण नवरात्रि एवं दशहरा पर्व शांति एवं उत्साह पूर्वक मनाने कहा गया। दुर्गा पंडाल समिति के द्वारा विद्युत विभाग से अस्थाई कनेक्शन एवं निर्देशानुसार ही लाइट का उपयोग किया जाए, लाउडस्पीकर, डीजे इत्यादि के लिए एसडीएम से परमिशन आवश्यक रूप से लिया जाएं, लाउडस्पीकर, डीजे कम आवाज में बजाया जाये ताकि किसी को आपत्ति ना हो, रात्रि लगभग 10 बजे तक लाउडस्पीकर बजाया जाएं, सभी पंडाल समितियों के द्वारा ध्यान रखें किसी भी असामाजिक तत्वों के द्वारा कही अशांति फैलाने की कोशिश ना करें यदि ऐसी कोई जानकारी लगते ही तत्काल पुलिस को सूचना दे, शांति समिति बैठक में कुछ व्यापारियों के द्वारा मुख्यमार्ग पर अतिक्रमण करने से यातायात व्यवस्था बिगड़ने की बात सामने आई हैं।

## खबर संक्षेप

### रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान जागरूकता रैली का आयोजन



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत श्रमदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान एवं रैली का आयोजन किया गया। यह रासेयो स्वयं सेवकों के द्वारा श्रमदान रैली एवं श्रमदान करके विकसित भारत की संकल्प ले कर सभी सार्वजनिक स्थलों महाविद्यालय परिसर, सड़क, बाजार, जल स्त्रोतों और उद्यानों को साफ और स्वच्छ बनाएं रखने के लिए विद्यार्थियों, परिवार और समाज के प्रत्येक नागरिक को प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ एवं छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 24 सितम्बर को आयोजित होगा

**डिंडौरी।** सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 24 सितम्बर 2025 को दोपहर 3.00 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में सांसद कुलस्ते के साथ समिति के सदस्य डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रविशंकर सिंह, डाक विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी शामिल होंगे।

### आयुर्वेद दिवस पर डिंडोरी जिले में निशुल्क चिकित्सा शिविर

**डिंडौरी।** आयुक्त संचालनालय आयुष मध्य प्रदेश भोपाल एवं कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष धन्वंतरि जयंती पर मनाए जाने वाले आयुर्वेद दिवस को इस वर्ष से आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 23 सितम्बर को प्रतिवर्ष मनाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष के आयुर्वेद दिवस की थीम "आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए" पर आधारित रही। इस अवसर पर आयुषविंग जिला चिकित्सालय डिंडोरी सहित जिले के सभी आयुष औषधालयों, शाहपुर, अझवार, शहपुरा, कठौतिया, निघोरी, भाखा, चांदरानी, नेवसा एवं गोपालपुर में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने परामर्श एवं उपचार सेवाओं का लाभ लिया।

# अवैध गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**अमरपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा शांति समिति बैठक में चौकी प्रभारी को आवेदन देकर अवैध गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का मांग किया गया हैं। उक्त आवेदन में लेख किया गया हैं कि ग्राम अमरपुर क्षेत्र में वर्तमान में अवैध शराब एवं जुआ सट्टा का कारोबार वेतहासा अवैध रूप से फल फूल रहा हैं, जिस पर पूर्ण प्रतिबंध किया जावे एवं आगामी हिंदुओं का महापर्व नवरात्रि 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहा हैं, अमरपुर ग्राम क्षेत्र अंतर्गत खुले में मुख्यमार्गों पर मांस मटन का विक्रय किया जा रहा हैं, जोकि अनुचित एवं अवैध हैं नवरात्रि का पर्व हिंदुओं के आस्था एवं व्रत भक्ति का त्यौहार हैं, ऐसे में खुले में मांस मटन की बिक्री को पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया जाए, एवं नवरात्रि के दौरान अन्य धर्म के असामाजिक तत्वों के द्वारा हमारे हिंदू त्यौहारों पर कुदृष्टि डालकर अव्यवस्था एवं सौहाद्र बिगाड़ने का प्रयास करते हैं, ऐसे असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखकर कार्यवाही किया जाए, समस्त दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वालों एवं इस दौरान धार्मिक आयोजन करने वाले समितियों को निर्देश किया जाए कि किसी भी तरह का फूहड़ गाने ना चलाएं जाएं एवं ऐसे किसी भी गतिविधियों को अनदेखा ना किया जाए जिससे हिंदू धर्म की गरिमा एवं मर्यादा का हनन ना हो, ऐसे असामाजिक तत्वों पर एवं आसामाजिक गतिविधियों पर अवैध शराब बिक्री एवं खुले में मांस मटन की बिक्री करने वालों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाएं एवं सख्त कार्यवाही की जाए। आयोजित शांति समिति की बैठक में प्रमुख रूप से प्रीतम मरावी जिला पंचायत सदस्य, महेंद्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर, आकाश नामदेव भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरपुर, रामनाथ उद्दे स्थानीय सरपंच ग्राम पंचायत, रायसिंह नेताम सरपंच ग्राम पंचायत जलेगांव, हरे सिंह धुर्वे पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मौहारी, तीरथ मूलचंदानी, अनवर खान, माखन साहू, रामकुमार वनवासी, साहब लाल पुषाम, बलराम राजपूत, मनोज तंतुवाय आदि विभिन्न ग्रामों से नागरिकगणों के साथ पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

# मंडल अध्यक्ष अमरपुर की उपस्थिति में स्वच्छता एवं पौधा रोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**अमरपुर।** वन मंडल डिंडौरी सामान्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र अमरपुर परिसर में पुनीत सोनकर वन मंडल अधिकारी डिंडौरी एवं सुरेंद्र सिंह जाटव उपवन मंडल अधिकारी डिंडौरी के निर्देशन में सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अपने आवास एवं कार्यालयीन परिसर में स्वच्छता/ साफ सफाई को एक अभियान के रूप में लेकर मेरा परिसर मेरा अभियान कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत परिक्षेत्र कार्यालय प्रांगण एवं रास्ते के आसपास के कचरा, पेड़ों से गिरे सूखे पत्ते, प्लास्टिक, कागज के टुकड़े इत्यादि को खरेटा, झाड़ू से एकत्र कर डस्टबिन में रखा गया। तत्पश्चात परिसर में पौधारोपण कार्य किया गया। परिसर में सफाई के पहले की फोटोग्राफ्स एवं सफाई के पश्चात की फोटोग्राफ लिया गया। पौधारोपण कार्य के फोटोग्राफ को मेरी लाइफ पोर्टल पर अपलोड किया गया। इस अभियान में




जनपद सदस्य श्रीमति मालती तिवारी, सरपंच रामनाथ उद्दे, मंडल अध्यक्ष अमरपुर आकाश नामदेव, मंडल उपाध्यक्ष माखनलाल साहू, डिप्टी रेंजर किशन ध्रुर्वे, धनीराम ध्रुर्वे, इंदर सिंह मार्को, वनरक्षक पंकज साहू, सोमनाथ सोनी सहित समस्त के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सामाजिक कुरुतियों के प्रति जागरूकता संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सामाजिक कुरुतियों के प्रति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह ने कहा कि समाज में सबसे बड़ा कार्य एक - दूसरे से संवाद स्थापित करना ही महत्वपूर्ण आवश्यकता होती हैं। सामाजिक कुरुतियों के कारण समाज का पिछड़ना, आर्थिक और सामाजिक विकास में सबसे बड़ी बाधा बन गई थी। परंतु आज के वर्तमान समय में भी यह विकसित तकनीकी उपकरण मोबाइल के कारण व्यक्ति को अपने मानवीय समाज से एक- दूसरे से संवादहीनता की खाई बना दिया हैं। इसके साथ ही डॉ. सीमा डावर, बबीता मरावी, डॉ. निगहत खान एवं स्टॉफ ने भी इस विषय पर सामाजिक कुरुतियों की सती प्रथा, बाल विवाह अन्य समस्याएं तो हैं इसके साथ ही सोशल मीडिया तकनीकी उपकरण और सॉफ्टवेयर की उपयोग व अनुपयोगिता से समाज में व्यक्ति संवादहीन होते जा रहे हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार और समाज में संवाद के माध्यम से छोटी - बड़ी समस्याओं का हल स्वयं से करने की कोशिश करने की आवश्यकता पर जोर देना चाहिए तभी समाज आगे बढ़ कर विकसित भारत की संकल्पना पूर्ण व सफलता प्राप्त हो सकती हैं। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण एवं बीएलए नियुक्ति के संबंध में बैठक सम्पन्न

**डिंडौरी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एवं बीएलए नियुक्ति के संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जे.पी. यादव की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से श्री पवन शर्मा एवं श्री आशीष वैश्य, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से मो. जावेद इकबाल एवं श्री ज्योतित्याराधे भलावी, बहुजन समाज पार्टी से मो. असगर सिद्दकी एवं मो. खुर्शीद आलम तथा आम आदमी पार्टी से श्री सोहन सिंह तेकाम



उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जे.पी.यादव ने संभावित निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण की पूर्व तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिलें के प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति आवश्यक है। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि शीघ्र ही सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलए की नियुक्ति कर निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण की कार्यवाही में बीएलओ को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

# कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने समय-सीमा बैठक में दिए सख्त निर्देश



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा की बैठक आयोजित की। बैठक में जिले के सभी प्रमुख विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीएम शहपुरा एश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन सहित जिले के समस्त जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने खरीफ उपार्जन की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर और व्यवस्थित रूप से लाभ मिले, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय रहते सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने गौशालाओं की अद्यतन प्रगति पर भी अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और निर्देश दिए कि पशुओं के संरक्षण और देखभाल के लिए पर्याप्त चारे और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में ''अमृत सरोवर और सार्वजनिक तालाबों'' के निर्माण एवं रख-रखाव, ''मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों'' और ''जेजीएसए प्लांटेशन'' की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीणों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराना तथा वृक्षारोपण योजनाओं की नियमित निगरानी करना सभी विभागों की प्राथमिकता होनी चाहिए।सके साथ ही ''नर्मदा परिक्रमा पथ के अंतर्गत आश्रय पौधारोपण'' की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि यह परियोजना जिले की पहचान और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने जिले में ''अवैध खनिज भंडारण, वितरण और उपलब्धता'' पर सख्त नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग और प्रशासनिक अमला संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। ''समग्र ई-केवाईसी'' की साप्ताहिक प्रगति, ''उर्वरक भंडारण और वितरण'', ''लंबित पेंशन प्रकरणों'' के शीघ्र निराकरण और ''बीपीएल धारक शासकीय सेवकों'' पर नियमानुसार सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में कोदो-कुटकी के पंजीयन, पराली प्रबंधन और जन अकांक्षा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निराकरण की स्थिति पर भी समीक्षा हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पराली प्रबंधन के लिए किसानों को जागरूक किया जाए और इसके लिए उपलब्ध योजनाओं का लाभ समय पर दिया जाए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र की ''साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट'' नियमित रूप से प्रस्तुत करें और सुनिश्चित करें कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता को लाभ पहुँचाने वाली योजनाओं में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के कार्यों और योजनाओं की जानकारी कलेक्टर को दी। कलेक्टर ने अधिकारियों के सुझाव भी सुने और मौके पर ही कई बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश जारी किए। साथ ही उन्होंने आगामी 2 दिन में गिरदावरी पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं और सामग्र ई केवाईसी की प्रगति कम होने पर डिंडोरी और शहपुरा सीएमओ को कारण बताओं नोटिस जारी करने को कहा। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदार को हिदायत देते हुए उनके कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी जनहित एवं विभागीय कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

# शहपुरा में अल्प विराम परिचय कार्यशाला संपन्न, शासकीय कर्मचारियों में बढ़ेगी सकारात्मकता और आनंद की अनुभूति

**डिंडौरी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड शहपुरा के तत्वावधान में राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों के लिए आयोजित "अल्पविराम परिचय कार्यशाला" सोमवार को जनपद पंचायत शहपुरा के सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य शासकीय कर्मचारियों के जीवन में आनंद की अनुभूति कराना, मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना तथा कार्यों में सकारात्मकता विकसित करना था।**

कार्यशाला की शुरुआत मंचासीन अतिथियों द्वारा भारतमाता पूजन से की गई। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र चंदेल, मंडल अध्यक्ष श्री हिरेंद्र मरावी, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र चौहान, राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर श्री अजीत महतो, विकासखंड समन्वयक डॉ. निलेश्वरी वैश्य, जिला समन्वयक आनंद विभाग श्रीमती मंजूषा शर्मा, मास्टर ट्रेनर श्री सोहन साहू एवं श्री राकेश गुप्ता मंचासीन रहे। कार्यक्रम की भूमिका एवं स्वागत भाषण विकासखंड समन्वयक डॉ. निलेश्वरी वैश्य ने प्रस्तुत की। जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में शांति और प्रसन्नता अत्यंत आवश्यक है। यदि हम खुशी, उत्साह और आनंद के साथ अपने दैनिक कार्य करेंगे तो कार्य में और निखार आएगा। आनंद विभाग द्वारा यह पहल शासकीय कर्मचारियों को कार्य के प्रति अधिक रुचि और सकारात्मक दृष्टिकोण देने में सहायक है। राज्य आनंद संस्थान



के मास्टर ट्रेनर श्री अजीत महतो ने कहा कि 'अल्पविराम' कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के जीवन में आनंद की अनुभूति का प्रसार करना और उन्हें उस मार्ग पर लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। जिला समन्वयक आनंद विभाग श्रीमती मंजूषा शर्मा ने बताया कि 'अल्पविराम' एक ऐसी गतिविधि है जिसके माध्यम से व्यक्ति के भीतर सकारात्मक सोच विकसित होती है और जीवन में संतुलन बनाए रखने की क्षमता बढ़ती है। कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री सोहन साहू द्वारा प्रश्नोत्तरी, प्रेरणादायी खेल, विभिन्न प्रकार के उत्साहवर्धक वीडियो और 'आनंद की अनुभूति' विषय पर परिचय सत्र संचालित किए गए। प्रतिभागियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी उपस्थित प्रशिक्षकों को 'स्वच्छता ही सेवा' की शपथ दिलाई गई।

कार्यशाला की संपूर्ण व्यवस्था में नवांकुर, मेंटर्स श्री डुमारी चक्रवर्ती, श्री शंभू विश्वकर्मा, श्री कंधी सिंह, श्री रामलाल रजक, श्री रामाभिषेक तिवारी, श्रीमती पूजा साहू, श्री गोपाल रैदास आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यशाला शासकीय कर्मचारियों के बीच मानवीय मूल्यों, खुशी और संस्कृति को बढ़ावा देने तथा जीवन और कार्य में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**नरसिंहपुर।** प्रभारी जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि आयुर्वेद जन- जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर मंगलवार 23 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग नरसिंहपुर और समस्त शासकीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) एवं शासकीय औषधालयों में किया जाएगा।

### लज्जा भंग करने वाले आरोपी को सजा

**नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा नाबालिग की लज्जा भंग करने के प्रकरण में आरोपी राहुल कौरव आ. रोशन कौरव आयु 30 वर्ष, निवासी ग्राम घघरौला, चौकी सिहोरा, थाना गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 7/8 व 11/ 12 में क्रमश 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500- 500- रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रभारी उप निदेशक अभियोजन अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में, विशेष लोक अभियोजक श्रीमती संगीता दुबे द्वारा उक्त प्रकरण में सशक्त पैरवी की गई।

### पितृ मोक्ष अमावस्या पर किया वृक्षारोपण



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस महाकौशल कॉलोनी शिव मंदिर परिसर में शिव शक्ति पर्यावरण संगठन द्वारा आज वृक्षारोपण का संकल्प लिया एवं हरे भरे पर्यावरण को बनाए रखने में महाकौशल कॉलोनी में वृक्षों को लगाकर पर्यावरण में सहयोग हेतु संदेश दिया समिति का मुख्य उद्देश्य छोटे-छोटे आयोजनों से जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना पंडित विजय तिवारी जन जागरण समाज में एक हम भूमिका निभाएगा। समिति के सभी सदस्य जिसमें राजकुमार मिश्रा आदित्य दुबे गोपालपुरी गोस्वामी दीपक रावत प्रकाश शर्मा जतिन शर्मा कृष्ण भारद्वाज विवेक दुबे इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।

### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नरसिंहपुर।** कृषि कार्य करते समय करंट लगने से मृत्यु के तीन प्रकरणों में मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत कुल 12 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने के आदेश जारी किए है। तहसील के मडवा निवासी संजय कुमार ठाकुर की 30 मार्च 2024 को करंट लगने से मृत्यु होने पर वारसान मनीषा पत्नी संजय कुमार ठाकुर को 4 लाख रुपये, ग्राम समनापुर के लीलाधर पिता भगवान सिंह लोधी की 28 मई 2025 को कृषि कार्य करते समय करंट लगने से मृत्यु होने पर निकटतम वारसान उनकी पत्नी हेमवती बाई, पुत्र कुंदन, पुत्री राधा एवं शांति को 4 लाख रुपये और मल्लाह पिपरिया के चंदन लोधी पिता हेमराज लोधी की 23 जून 2024 को कृषि कार्य करते समय करंट लगने से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारसान अर्चना पत्नी चंदन लोधी को 4 लाख रुपये की सहायता राशि मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना अंतर्गत प्रदान करने का आदेश जारी किया है।

### समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा

# खरीफ उपार्जन के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



सोमवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में सेवा पखवाड़ा अभियान सशक्त नारी- स्वस्थ परिवार के तहत जिले में संचालित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने सेवा पखवाड़ा अभियान में संबंधित विभागों को सहभागिता करने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समस्याओं को सुनने तथा योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही गई।

### स्वास्थ्य अभियान की समीक्षा

कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित स्वास्थ्य सेवाएं और स्वास्थ्य अभियान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राथमिकता से दिया जाए। बैठक में सांसद खेल महोत्सव- 2025 के लिए पंजीयन के संबंध में जानकारी ली गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एक बगिया मां के नाम की समीक्षा की गई। जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ से क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों की मरम्मत के संबंध में जानकारी ली गई। इसी प्रकार से खरीफ उपार्जन 2025- 26 हेतु पंजीयन केन्द्रों में किसानों के पंजीयन के संबंध में समीक्षा की गई और खरीफ उपार्जन के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली गई। आयोजित बैठक में मुख्य बाजार में आने वाले ग्राहकों द्वारा अपने वाहनों को मुख्य मार्ग में खड़ा न करने के निर्देश दिए, जिससे यातायात बाधित न हो। सड़क मार्ग में सब्जी व्यापारियों को दुकान नहीं लगाने के निर्देश दिए गए। शहर और बाजारों में घूमने वाले आवारा पशुओं को गौशाला में रखने के निर्देश दिए गए। शहर में बड़े व भारी वाहनों के प्रवेश के लिए समय निर्धारित करने को कहा गया। शहर के सड़क मार्ग में प्रकाश का प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। जिले में नर्मदा नदी किनारे स्थित झांसीघाट, बरमान कला व बरमान खुर्द, ककरा इत्यादि घाटों में अस्थाई मेला के दौरान वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा की गई। नवदुर्गा के अवसर पर यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए गए। जिले के ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था दुरूस्त कर दुर्घटना की संभावनाओं को समाप्त करने के निर्देश दिए।



## अल्पविराम परिचय कार्यशाला संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला नोडल अधिकारी आनंद विभाग तथा जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद के समन्वय से विकासखंड स्तरीय जनपद पंचायत चाँवरपाठा में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। अल्पविराम परिचय कार्यशाला में पंचायत, राजस्व, शिक्षा, महिला बाल विकास, मत्स्य, पशुपालन आदि विभागों के 60 अधिकारी- कर्मचारी शामिल हुए। जनपद सभागार चाँवरपाठा में राज्य आनंद संस्थान का एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला जनपद पंचायत चाँवरपाठा अध्यक्ष सोबरन ठाकुर, उपाध्यक्ष आयुष रघुवंशी, स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय संयोजक चंद्र मोहन साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर के अतिथ्य में सरस्वती पूजन के बाद सामूहिक प्रार्थना हुई। आनंद संस्थान की तनाव मुक्त जीवन की तरफ ले जाने के प्रयास की सराहना उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किए। अल्पविराम आंतरिक कमियों को समझने, सुधारने का अवसर है। राज्य आनंद संस्थान और जिला अभियान परिषद के सयुंक्त तत्वावधान में संपन्न एक दिवसीय परिचय कार्यशाला में प्रतिभागी राज्य आनंद संस्थान का परिचय, जीवन का लेखा जोखा, रिश्ते, फ्रीडम ग्लास पर परस्पर संवाद और आइस ब्रेकर की रोचक गतिविधि में सहभागी बने।



### विकसित भारत नशा मुक्त युवा शिविर का आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में तेंदूखेड़ा सेवा केंद्र तथा अनुसूचित जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास तेन्दूखेड़ा में युवा मंत्रालय एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार के सहयोग से ब्रह्माकुमारीज की सहयोगी संस्था राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के युवा प्रभाव के अंतर्गत विकसित भारत नशा मुक्त युवा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बी के किरण दीदी ने युवाओं को विकसित भारत नशा मुक्त युवा अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य समझाते हुए नशा मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए युवाओं को जागरूक किया। नशे से होने वाले शारीरिक मानसिक और बौद्धिक क्षमताओं पर हानिकारक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। इसके साथ ही विकसित भारत के लिए स्वदेशी को अपनाने व नशे की निर्भरता को छोड़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

## वाहन शुल्क कम करने की मांग दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस जागरूक नागरिकों द्वारा जिला प्रशासन को आवेदन देकर शासकीय जिला अस्पताल के वाहन स्टैंड की शुल्क कम किये जाने की मांग रखी गई। आवेदन मे बताया गया है कि शासकीय जिला अस्पताल में जिला प्रशासन द्वारा अधिकृत वाहन स्टैंड कई वर्षों से संचालित हो रहा था जो कि वर्तमान में बंद है। उपरोक्त वाहन स्टेंड का निविदा कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय द्वारा वर्तमान वर्ष 2025-26 के लिये जारी किया गया है। उक्त वाहन स्टेंड हेतु ई निविदा नियम एवं शर्ते भी निविदा के साथ जारी की गई है। इन शर्तों का संज्ञान होने पर ज्ञात हुआ है कि 0 से 3 घंटे के बाद प्रतिघंटे 5 रूपये साईकिल, 5 रूपये मोटरसाईकिल, 10 रूपये कार की दर निर्धारित की गई है इस प्रकार 24 घंटे वाहन खडे रहने पर साईकिल मोटरसाईकिल के 120 रूपये एवं कार के 240 रूपये दर निर्धारित की गई है जो कि अत्यधिक है। शासकीय जिला अस्पताल में जिले के दूरस्थ ग्रामो के गरीब लोग जिनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर होती है अधिक संख्या में आते है जिनका इतना अधिक वाहन स्टेंड शुल्क दे पाना संभव नहीं है एवं रोगी के परिजनो पर इन बढी हुई दरो से अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ता है जिससे रोगी के ईलाज में भी परेशानी आती है। यह कि प्रतिघंटे दर के स्थान पर 24 घंटे की दर तय किया जाना आवश्यक है एवं वाहन स्टैंड की दरों का निर्धारण गरीब. असहाय लोगों की आर्थिक स्थिति को देखकर न्यूनतम दर निर्धारित किया जाना आवश्यक है। वाहन स्टैंड की दर को कम करके न्यूनतम दर पर निविदा जारी करने की मांग की गई है। उक्त मौके पर अभिषेक शर्मा, वैभव सरावगी सहित अन्य मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई अग्रसेन जयंती

### निकाली विशाल शोभायात्रा



**तेंदूखेड़ा।** नगर की अग्रवाल समाज द्वारा अपने कुल युगपुरुष महाराजा अग्रसेन जी का जयंती महापर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर सोमवार को श्रीराम जानकी मंदिर परिसर से एक विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। इसके पूर्व विगत 18 सितंबर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शुरूआत हुई। तीन दिन तक स्वाजातीय महिला पुरुषों बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें प्रतिभाशाली विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। जयंती महोत्सव पर बच्चों और परिजनों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साह देखने को मिला



## चीतल का मांस व अवैध हथियारों के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया तथा पूछताछ करते हुए आरोपियों कब्जे से दो भरमार वंदूक, बारूद जप्त किया गया। आरोपियों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा चीतल का शिकार भी किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से बड़ी मात्रा में चीतल का मांस मांस एवं सींग जप्त किया गया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि आरोपी कुमेर मलाह निवासी ग्राम घुघरी, थाना ठेमी, नेतराम उर्फ नित्तू मलाह ग्राम घुघरी, थाना ठेमी के पास अवैध रूप से रखी गैर लायसेंसी दो भरमार वंदूक बरामद की गई। उनके द्वारा जंगल से एक चीतल का शिकार कर लाना बताया गया जिस पर तलाशी लेने पर उनके पास से बड़ी मात्रा में पका हुआ, कच्चा मांस एवं सींग को बरामद किया गया है। आरोपियो के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं धारा 50, 51 एवं 9 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया।

## विद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस उत्कृष्ट विद्यालय में संस्था प्राचार्य जी एस पटेल के मार्गदर्शन में एनसीसी, एनएसएस और और छात्रावास के छात्र-छात्रों द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर विद्यालय परिसर में प्राचार्य, शिक्षकों के द्वारा साफ सफाई की गई। इसके एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत छात्रों ने हाथों में एक एक पौधा लेकर विद्यालय से गांधी चैराहे से होते हुए शासकीय उत्कृष्ट बालिका



छात्रावास तक रैली निकालकर पौधे लगाकर धरती का श्रृंगार करने की प्रेरणा दी। उक्त फालदार व सुंदरता बढ़ाने वाले पौधों को बड़े पैमाने पर छात्रावास परिसर में रोपित किए गए। इस अवसर पर श्री छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा प्रेरणादायी गीत, कविता आदि किए गए। कार्यक्रम का समापन छात्रावास अधीक्षिका श्रीमति मीना श्रीवास्तव के आभार प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उमंग के जिला प्रशिक्षण प्रभारी अभिनव गर्ग, बी एन पांडे, नारायण सोनी, आर डी ठाकुर, बालक छात्रावास अधीक्षक पंकज उमरे, एनएसएस प्रभारी राजकुमार लोधी, एनसीसी प्रभारी ए आर राव एवं छात्रावास में कार्यरत समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कब धराशाही हो जाए पता नहीं, जर्जर तहसील गोटेगांव भवन

**गोटेगांव।** जब-जब कोई बड़ा हादसा होता है, तब तब जर्जर भवनों की ढहाकर नया भवन बनाने पर विचार किया जाता है। बजट के लिए रिपोर्ट तैयार होती है, लेकिन समय के साथ-साथ सबकुछ ठंडे बस्ते में चला जाता है। ये जर्जर भवन हादसे को दावत दे रहे हैं, मजबूरी के चलते जान हथेली पर लेकर अधिकारी और कर्मचारी काम करने को मजबूर हैं। बारिश के दिनों में कर्मचारियों का खतरा और बढ़ जाता है। बीते रविवार को यश भारत अखबार के संवाददाता आशीष साहू ने तहसील जर्जर सरकारी भवनों का हाल जाना। स्थानीय तहसील



भवन इतना जर्जर हो गया है कि वह कब धराशाही हो जाएं पता नहीं तहसील कार्यालय भवन जर्जर अवस्था में पहुंच गया। साथ ही बारिश का समय भी सामने आ गया है जो की बारिश काल में यह जर्जर भवन और इसकी दीवार गिरने की आशंका है क्योंकि लगातार बारिश का दौर भी जारी है अगर समय रहते जिम्मेदार ध्यान आकर्षित कर इस ओर सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए उचित कदम उठाए नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है भले ही शहर सहित आसपास गांवों के ग्रामीण एवं नगारिकों हितग्राहियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही है लेकिन तहसील कार्यालय का जर्जर भवन कब धराशाई हो जाए इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है नए भवन के लिए अभी तक व्यवस्था ही नहीं शुरू हो सकी। भवन कभी भी ढह सकता है। बारिश होने पर यहां आए लोग शरण लेते हैं। इसके अलावा अधिवक्ता सहित लेख अन्य लोग वाहन खड़ा करते हैं। तहसील के कर्मचारी इस जर्जर भवन में रहते है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का खतरा बना है। स्थानीय नागरिकों अधिवक्ता संघ तहसील कर्मचारी आर आई पटवारीएवं हितग्राहियों ने सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए नए तहसील भवन निर्माण की मांग की है।



## अयोध्या मंदिर एवं प्रयागराज संगमघा लेटे हनुमानजी की बनाई जाएगी विशेष झांकी

### गुंदरई में होंगी मातारानी की भव्य 38 प्रतिमायें स्थापित

**गोटेगांव।** सम्पूर्ण जिले मे नवरात्रि पर्व के लिये मातारानी के भक्तों द्वारा तैयारियों प्रारंभ कर दी गई है तथा आयोजक मंडल निरंतर कार्य में लगे हुये है। जिले भर मे अनेकों जगह मातारानी की प्रतिमायें स्थापित की जायेंगी। वहीं गोटेगांव अंतर्गत ग्राम गुंदरई मे आयोजन समीति द्वारा मातारानी की 38 प्रतिमायें स्थापित की जा रही है। आयोजक समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति गुंदरई द्वारा इसवर्ष 59वें सोपान पर माँ जगतजननी जगदम्बा के 38 भव्य स्वरूपों के साथ माता प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। जिसमें विविध धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ विभिन्न झांकियां जैसे कि तीर्थो का राजा प्रयागराज संगम एवं लेटे हनुमानजी के दर्शन श्रद्धालुओं को प्राप्त होने के साथ-साथ अयोध्या मंदिर बनाया जाएगा साथ ही राधा कृष्ण की विशेष झांकी भी तैयार की जा रही है 22 सितंबर को माता रानी की स्थापना, 26 सितंबर को पंचमी में संगीतमय महाआरती एवं 1 अक्टूबर को दशहरा पर्व ओपन डांडिया और 4 अक्टूबर को भव्य देवी जागरण व 3 अक्टूबर को विशाल भव्य भंडारा कन्या भोज एवं माता रानी का भव्य जुलूस एवं विसर्जन शरद पूर्णिमा पर 6 अक्टूबर को किया जाएगा ! इन सभी धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील आयोजन समिति ने की है।

## महाविद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम आयोजित



गोटेगांव

जनपद के अंतर्गत ग्राम श्रीनगर स्थित श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित किए, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत श्री जगतगुरु शंकराचार्य कला, वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय, श्रीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पौधरोपण, पर्यावरण जागरूकता और स्वच्छता संबंधी विविध कार्यक्रम की शुरुआत गोद ग्राम प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, गौरतला में पौधरोपण से हुई। विद्यालय परिसर में अनेक पौधे लगाए गए तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती के महत्व पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती विमलेश्वरी ठाकुर बसंत ठाकुर पूर्व सरपंच टाबलसिंह श्रीपाल, विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती कौशा ठाकुर तथा शिक्षकगण प्रकाश कुमार यादव श्री कीर्ति निधि दुबे रईस खान शिवराम लोधी एवं नवीन दुबे उपस्थित रहे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत झौंत एवं श्रीनगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थानों, नालियों एवं गलियों में चूना, डीडीटी एवं मेलाथियान का छिड़काव किया गया, जिससे बरसात के मौसम में उत्पन्न होने वाली गंदगी और मच्छरजनित रोगों की रोकथाम की जा सके। इस दौरान छात्रा पूनम चौधरी और रिया विश्वकर्मा के साथ सभी एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता एवं वृक्षारोपण से संबंधित नारे लगाकर ग्रामीणों में जागरूकता फैलाई। इस पूरे अभियान में महाविद्यालय के प्राचार्य तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. दिलीप पाठक ने मार्गदर्शन प्रदान किया। एवं पुरुष इकाई के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी प्रो एस.पी. डेहरिया एवं महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी अंकिता नामदेव के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय से सहायक प्राध्यापक राजा दुबे, अर्चना सोनी एवं आयुष तिवारी का विशेष सहयोग रहा। साथ ही समस्त महाविद्यालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति करेली, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**
क्र./मंडी/स्टोर/2025-267 दिनांक-22.09.2025

**कोटेशन सूचना**

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत संस्थाओं एजेन्सी जो कि फिल्ड आफ लेन होम एंड वायरलेस टेक्नॉलाजी में एक्सपर्ट है को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति करेली, जिला-नरसिंहपुर के मुख्य मण्डी प्रांगण में ई-मंडी / ई-अनुज्ञा / राष्ट्रीय कृषि बाजार के अंतर्गत इंटरनेट हेतु अनलिमिटेड प्लान (10. एम. बी. पी.एस.) पी.सी.पी. रोटर एवं रखरखाव आदि कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य में लगने वाली सामग्री उच्चतम गुणवत्ता एवं रजिस्टर्ड कंपनी की होना आवश्यक है। निविदा फार्म दिनांक 08.10.2025 तक कार्यालयीन समय में रू. 500/ शब्दों में पांच सौ जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

उक्त कार्य करने वाले इच्छुक व्यक्ति पंजीकृत फर्म साफ्टवेयर, हार्डवेयर उक्त कार्य में एक्सपर्ट कंपनियां /दुकानदार दिनांक 09.10.2025 को कार्यालयीन समय तक अपनी निविदा दर तीन सील बंद लिफाफे पद्धति में रजिस्टर्ड डाक से मंडी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा दिनांक 10.10.2025 को दोपहर 3:00 बजे उपस्थित निविदाएं प्रदायकर्ता के समक्ष खोले जायेंगे। निविदा दर स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार मंडी समिति का रहेगा।

नोट- निविदा की अन्य शर्ते एवं मंडी प्रांगण में चिन्हांकित स्थल की जानकारी 08:10:2025 तक कार्यालयीन समय में मंडी कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति करेली,
जिला-नरसिंहपुर